## सार-समाचार

### अवैध हथियार सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**कोटा, ( निसं )।** बोरखेड़ा पुलिस टीम ने इलाके में गश्त के दौरान अलग-अलग कार्यवाही करते हुए अवैध हथियारों सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बोरखेड़ा थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर अवैध गतिविधियों के विरूद्व अलग-अलग कार्यवाही करते हुए अवैध हथियार दो चाकू सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी ने बताया कि थाने के हैड कांस्टेबल अब्दुल हफीज मय जाप्ता इलाके में गश्त के दौरान जैन मंदिर के पीछे कार्यवाही करते हुए एक जने से अवैध हथियार चाकू बरामद किया, पुलिस टीम ने मौके पर आर्म्स एक्ट में कार्यवाही करते हुए बोरखेड़ा निवासी शाकिर मोहम्मद (24) को गिरफ्तार किया। वही थाने के हैड कांस्टेबल रमेश चंद मय जाप्ता इलाके में गश्त के दौरान कार्यवाही करते हुए नया नोहरा में एक जने से अवैध हथियार चाकू बरामद किया। पुलिस टीम ने मौके पर आर्म्स एक्ट में कार्यवाही करते हुए ग्रामीण पुलिस लाइन निवासी रोहित मेघवाल को गिरफ्तार किया है, पकड़े गये आरोपियों से अनुसंधान जारी है।

### हज पर जाने वालों का किया इस्तकबाल

**कोटा, ( निसं )।** कोटा शहर से हज पर रवाना होने से पूर्व जायरीनों का बड़े ही गर्मजोशी और सम्मान के साथ इस्तकबाल किया गया। इस मौके पर परिजनों, दोस्तों और स्थानीय लोगों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया और उनकी खुशहाल व सुरक्षित यात्रा के लिए दुआएं कीं। वरिष्ठ अधिवक्ता अख्तर खान अकेला, कांग्रेस नेता अफजल अंसारी, इरफान घोसी सहित अन्य लोग हज पर जा रहे हैं। 20 अप्रेल से हज पर जाने वालों का सिलसिला शुरू होगा। पूर्व हज कमेटी सदस्य सोनू कुरैशी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान माहौल पूरी तरह आध्यात्मिक और भावुक रहा। हज यात्रियों ने भी सभी से दुआ की अपील की और कहा कि यह उनके जीवन का एक खास और पवित्र सफर है। स्थानीय समाजसेवियों और समुदाय के लोगों ने भी इस अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और यात्रियों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। हज पर जाने वाले लोगों को यात्रा से जुड़ी जरूरी जानकारी और दिशा-निर्देश भी दिए गए। कार्यक्रम का समापन सामूहिक दुआ के साथ हुआ, जिसमें सभी ने देश और समाज में अमन-चैन और तरक्की की कामना की। कोटा से भी बड़ी संख्या में लोग हज पर जाएंगे, उससे पूर्व उनके स्वागत का सिलसिला जारी है। इस अवसर पर कांग्रेस नेता आबिद कुरैशी, अखील पिंटू सहित कई लोगों ने हज पर जाने वालों का इस्तकबाल किया।

### जनगणना के लिए फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण आज से

**कोटा, ( निसं )।** जनगणना 2027 के लिए नगर निगम कोटा द्वारा फील्ड ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण बुधवार से प्रारंभ होगा। आयुक्त मेहरा ने मंगलवार को प्रशिक्षण स्थल पर तैयारियों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को समस्त व्यवस्थाएं मानकों के अनुरूप पूरी करने के निर्देश दिए। आयुक्त एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी ओमप्रकाश मेहरा ने बताया कि 38 फील्ड ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 अप्रैल से 17 अप्रैल तक दादाबाड़ी स्थित सिंचाई प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित होगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जयपुर से आए दो मास्टर ट्रेनर्स द्वारा फील्ड ट्रेनर्स को विस्तृत प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद ये 38 फील्ड ट्रेनर्स नगर निगम क्षेत्र में जनगणना कार्य हेतु लगभग 2000 प्रगणकों और सुपरवाईजर्स को प्रशिक्षित करेंगे। इस पहल से आगामी जनगणना कार्य को सुव्यवस्थित और प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी।

### नवीन शर्मा कोटा शहर जिलाध्यक्ष मनोनीत

**कोटा, ( निसं )।** राष्ट्रीय मानवाधिकार, पर्यावरण सुरक्षा एवं भ्रष्ट्राचार निवारण संगठन के संभागीय अध्यक्ष श्याम मनोहर हरित ने राष्ट्रीय अध्यक्ष बालूसिंह झाला की अनुमति से कोटा शहर जिलाध्यक्ष पद पर राजकुमार विजय को स्वास्थ्य कारणों से संगठन में कार्य नहीं कर पाने के कारण पदमुक्त करते हुए नये जिलाध्यक्ष पद पर नवीन शर्मा को मनोनीत किया है। श्याम मनोहर हरित ने नवीन शर्मा को पन्द्रह दिवस के अन्दर अपनी जिला कार्यकारणी बनाने के लिए कहा है। उन्होंने बताया कि हमारा संगठन किसान, गरीब, महिला उत्पीड़न, भष्ट्राचार पीड़ित आम नागरिकों, छात्रों व मजदूरों पर होने वाले मानवाधिकार अन्याय को रोकने के लिए संघर्ष करते हुये, शासन-प्रशासन को घटनाओं से अवगत कराकर उनको सहयोग करते हुये पीड़ित व्यक्तियों की जनहित व न्यायहित में सहायता करने वाला संगठन है, यह संगठन केन्द्र सरकार से पंजीकृत संगठन है, जो कि पर्यावरण सुरक्षा एवं भ्रष्ट्राचार निवारण के लिए भी कार्य करता है, नवीन शर्मा की नियुक्ति पर संगठन के महामंत्री शमशेर परमानी, उपाध्यक्ष गणेश दत्त दाधीच, ललित शर्मा, संगठन मंत्री विरेन्द्र सिंह राठौड़, कोषाध्यक्ष शशिकर चिरोरा, मंत्री संतोष कुमार शर्मा, बारां जिलाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार शर्मा, कोटा देहात जिलाध्यक्ष रघुवीर प्रसाद नागर सहित संभाग कार्यकारिणी सदस्यों पुरूषोत्तम अजमेरा, सोहन लाल शर्मा, राजकुमार विजय, भगवान दास, जगदीश चन्द सुमन, दिनेश कुमार सहित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने इस नियुक्ति पर उन्हे बधाई दी है।

### निरीक्षण में मिली अनियमितताएं, लगाई लताड़

**छबड़ा( निसं )।** स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के तहत विकास अधिकारी अभिषेक मीणा द्वारा ग्राम पंचायत भूलोन, तीतरखेडी, गोडियामेहर, चांचोडा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान भुलोन में ग्राम विकास अधिकारी नितेश सहरिया ग्राम पंचायत मुख्यालय पर अनुपस्थित मिले एवं यहां किनारे कचरे के ढेर व प्लास्टिक की थैलिया फैली हुई नजर आई एवं नालियों की सफाई सड़क सफाई तथा घर-घर कचरा संग्रहण का कार्य नियमित रूप से नही करना पाया गया। इसी क्रम में ग्राम पंचायत तीतरखेडी में निरीक्षण के दौरान पाया कि भारत निर्माण सेवा केंद्र के परिसर में भी जगह जगह कचरे के ढेर पडे हुए मिले तथा गत महिनो से यहां किसी प्रकार की स्वच्छता साफ-सफाई का कार्य नही किया जा रहा है तथा सड़क किनारे कही जगह कचरे के ढेर लगे हुए पाए गए है।उसके बाद गोडियामेहर में निरीक्षण के दौरान ग्राम वासियों से चर्चा कर साफ सफाई की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया की ग्राम पंचायत द्वारा नाली सफाई, सडक सफाई, समय पर की जा रही है, परन्तु कचरा संग्रहण वाहन नियमित रूप से नही आने के कारण कचरा इधर उधर बाहर फैंकना पड़ रहा है।

# देश को बड़ा बनाने के लिए संवैधानिक नागरिक कर्तव्यों का पालन जरूरी: डॉ. धर्मेन्द्र सिंह

**कोटा, ( निसं )।** कृषि विश्वविद्यालय, कोटा में डॉ.भीमराव रामजी अंबेडकर की 135वीं जयंती बड़े ही गरिमामय एवं प्रेरणादायी वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के मानव संसाधन विकास निदेशालय द्वारा किया गया, जिसमें शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विश्वविद्यालय, कोटा की कुलगुरु डॉ. विमला डूंकवाल ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ.बी.पी. सारस्वत, कुलगुरु कोटा विश्वविद्यालय उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों के रूप में डॉ.निमित रंजन चौधरी, कुलगुरु, राजस्थान तकनीकि विश्वविद्यालय, कोटा तथा डॉ.प्रताप सिंह कुलगुरु, महाराणा प्रताप कृषि एवं




कोटा कृषि विश्वविद्यालय में डॉ. आंबेडकर की 135वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में कार्यक्रम मैं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के डॉ.धर्मेन्द्र सिंह सहप्रांत प्रचारक चित्तौड़ प्रांत ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार रखे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा डॉ.अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात मानव संसाधन विकास निदेशालय के सहायक निदेशक डॉ.बी.एल. ढाका ने स्वागत उद्‌बोधन देते हुए अतिथियों का स्वागत

■ कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विश्वविद्यालय, कोटा की कुलगुरु डॉ. विमला डूंकवाल ने की

किया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। मुख्य वक्ता डॉ.धर्मेन्द्र सिंह सह प्रांत प्रचारक चित्तौड़ प्रांत ने अपने व्याख्यान में डॉ.अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्षों तथा भारतीय समाज पर उनके प्रभाव का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने बताया कि डॉ.अंबेडकर के जीवन का मर्म समझने की आवश्यकता है। समाज में समरसता या बंधु भाव को जीवन में उतारने की आवश्यकता हैं और यह आचरण समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के साथ भी होना चाहिए। और यह समाज परिवर्तन के माध्यम से ही संभव है। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज में से एकत्व भाव चला गया है इस कारण पराभूत हुआ है। उन्होंने कहा बाबा साहब ने देश को ग्रन्थ संविधान दिया है। संविधान के माध्यम से देश को नागरिक को कर्तव्य और अधिकार प्रदान किए। और देश के प्रत्येक नागरिक को संविधान के अनुरूप व्यवहार करना चाहिए और आचरण में लाना चाहिए। देश में अधिकारों की बात तो होती हैं परन्तु कर्तव्य की बात नहीं होती है। भारत को बड़ा बनाने के लिए नागरिक कर्तव्य प्रामाणिकता से पालन करना चाहिऐं। अपने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में डॉ.विमला डूंकवाल ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन संघर्ष, शिक्षा के प्रति समर्पण एवं सामाजिक न्याय के लिए उनका अथक प्रयास हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।

## सूने मकान से गहने व नकदी चोरी

**कोटा, ( निसं )।** अनंतपुरा थाना इलाके में एक सूने मकान से गहने व नकदी चोरी होने का मामला सामने आया है। मामले में पिड़ित ने अनंतपुरा थाने में रिपोर्ट दी है। अनंतपुरा थानाधिकारी रमेश कविया ने बताया कि मामले में केशर बस्ती निवासी शकील खान ने चोरी की रिपोर्ट दी है। मामले में फरियादी ने दो टीवी, सोने चांदी के गहने व नकदी चोरी होने की रिपोर्ट दी है, थानाधिकारी ने बताया कि फरियादी ने जिस पर आरोप लगाया दोनो आपस में भाई और समधी भी है छोटे भाई की बेटी की शादी बड़े भाई के छोटे बेटे से हुई थी मामले में कुछ माह पूर्व केशर बस्ती में महिला ने सुसाईड कर लिया था। मामले में फरियादी शकील ने छोटे भाई व अन्य पर चोरी करने की आशंका जताते हुए शिकायत दी है। थानाधिकारी ने बताया कि फरियादी की ओर से मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। वही फरियादी पर भी महिला के सुसाईड के बाद मृतका के परिवार की ओर से पूर्व में मामला दर्ज है।

# दम्पति पर जानलेवा हमला करने वाले छह आरोपी गिरफ्तार

**कोटा, ( निसं )।** घर में घुसकर दम्पति पर जानलेवा हमले के मामले का खुलासा करते हुए आरकेपुरम पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए हमला करने वाले पति-पत्नी व उसके दो बेटे सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 8 अप्रेल की रात्रि को इलाके के गणपति विहार में रहने वाली फरियादिया के घर का मुख्य दरवाजा खुला होने पर पड़ौस में रहने वाले आरोपी जबरन घर में घुसे और फरियादिया के पिता विक्की भगत को घर से बाहर निकालकर उस पर लाठी, पाइप, तलवार से हमला कर दिया और बीच बचाव करने आई विक्की भगत की पत्नी पूजा के साथ भी मारपीट कर

■ शहर एसपी ने बताया कि जानलेवा हमले का मामला सामने आने पर मामला दर्ज किया गया

दी, जिसका विडियों फरियादीया ने बनाया था। हमलावरों ने जाते समय परिवार को जान से मारने की भी धमकी दी थी।

शहर एसपी ने बताया कि जानलेवा हमले का मामला सामने आने पर मामला दर्ज किया गया और मामले को गंभीरता से लेते हुए हमलावरों की गिरफ्तारी के लिये ईचार्ज थाना आरकेपुरम उपनिरीक्षक संतोष चन्द्रावत के नेतृत्व में टीम का गठन किया और मामले की जांच थाने के एएसआई खेमचन्द को सौंपी गई। शहर एसपी ने बताया कि पुलिस टीम ने मामले में अनुसंधान किया तो मामले में सामने आया कि प्रार्थी के भाई द्वारा आरोपी धीरज सिंह की पुत्री से 24 मार्च को प्रेम विवाह किया था जिसके चलते रंजिशवश घटना को अंजाम दिया गया।

शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम ने मामले में कार्यवाही व अनुसंधान करते हुए रोझड़ी निवासी धीरज सिंह (51), उसकी पत्नी मानकंवर (45), उसके दो बेटे रूद्वप्रताप सिंह (20), भानुप्रताप सिंह (27), एवं दादाबाड़ी निवासी रूपेन्द्र सिंह उर्फ दीपक (21), लोकेश मीणा (21) को गिरफ्तार किया।

## पंजाबी समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा

**छीपाबड़ौद( निसं ) ।** कस्बे में पंजाबी समाज द्वारा वैशाखी का पावन पर्व अत्यंत हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाज की ओर से एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।शोभायात्रा का शुभारंभ शाकाहारी हनुमान मंदिर से विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर किया गया। यात्रा में सबसे मुख्य आकर्षण भगवान श्री राम जी की मनमोहक झांकी रही। इस मनभावन झांकी के दर्शन के लिए मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।शोभायात्रा के दौरान पूरा वातावरण "वाहेगुरु" के जयकारों और मधुर धार्मिक भजनों से गुंजायमान हो उठा।

# कोटा में जल्द दौड़ेंगी फॉयर फाइटिंग बाइक्स

**कोटा, ( निसं )।** शहर में अग्निशमन व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए जल्द ही फॉयर फॉईटिंग बाईक्स शामिल की जाएंगी, जिससे तंग गलियों में भी तेजी से आग पर काबू पाया जा सकेगा। यह बात निगम आयुक्त ओमप्रकाश मेहरा ने मंगलवार को 14 से 20 अप्रैल तक मनाए जाने वाले अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ करते हुए कही।

श्रीनाथपुरम् फॉयर स्टेशन पर कार्यक्रम की शुरुआत शहीद फॉयर फाईटर्स को दो मिनट का मौन रखकर और स्मारक पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इसके बाद नगर निगम आयुक्त ओमप्रकाश मेहरा ने दमकल वाहनों की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पूर्व

■ आयुक्त मेहरा ने किया अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अग्निशमन बेड़े को मजबूत करने के लिए संसाधनों में निरंतर वृद्धि की जा रही है। तंग गलियों में त्वरित कार्रवाई के लिए फॉयर फॉइटिंग बाईक्स खरीदी जाएंगी, वहीं रोशनी की बेहतर व्यवस्था के लिए दो लाईटिंग टॉवर भी जल्द शामिल किए जाएंगे, जिनकी स्वीकृति शीघ्र ही डीएलबी से मिलने की संभावना है। उन्होंने कोटा की फॉयर रेस्क्यू टीम की सराहना करते हुए कहा कि यहां की टीम का तालमेल और त्वरित प्रतिक्रिया सराहनीय है।

## बी नेगेटिव के लिए भटक रहे परिजनों को उपलब्ध कराई एसडीपी

**कोटा, ( निसं )।** टीम जीवनदाता हर समय मरीज के लिए मददगार बनते हुए उनकी हर संभव मदद कर रही है, उन्हें समय रहते एसडीपी उपलब्ध करा रही है, नेगेटिव ग्रुप की एसडीपी के लिए भी लोग अपना ब्लड सेंटर पहुंच रहे हैं। सेवाभावी लोगों के कारण जरूरमंद मरीज को एसडीपी मिल रही है। लायंस क्लब कोटा टेक्नो के निदेशक व टीम जीवनदाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि बाबूलाल मरीज को बी नेगेटिव एसडीपी की आवश्यकता थी, उनके परिजन व बेटा धर्मवीर मीणा परेशान हो रहे थे, उन्होंने शहर में कई जगह प्रयास किया लेकिन वह हताश हो गए। टीम जीवनदाता से सम्पर्क किया तो उनकी व्यवस्था की गई। डोनर सतीश शर्मा को कॉल किया तो वह सेवा के लिए तैयार रहते हैं और अपना ब्लड सेंटर तलवंडी पहुंचे और

■ टीम जीवनदाता बनी मददगार, मरीज को अब तक करीब 20 एसडीपी चढ़ाई जा चुकी

उन्होंने 29वीं बार एसडीपी डोनेट की। वह इससे पूर्व 18 बार ब्लड डोनेशन कर चुके हैं।

डोनर्स के सेवा भाव को देख परिजनों ने उनका आभार जताया। मरीज को अब तक करीब 20 एसडीपी चढ़ चुकी है और परिजनों को आस रहती है कि टीम जीवनदाता उनकी मदद करेगी और इस विश्वास को अभी तक कायम रखा हुआ है। एसडीपी डोनेशन पर सम्पूर्ण स्टाफ व टीम के लोगों ने सतीश शर्मा का स्वागत किया गया।

## हर्षोल्लास से मनाई सैन जयंती

**बून्दी( निसं )।** सैन समाज के आराध्य संत शिरोमणि सैन महाराज की 726वीं जन्म जयंती आज हर्षोल्लास से मनाई गई। समाज के कागदी देवरा स्थित भगवान जगमोहन महाराज मंदिर परिसर से शोभायात्रा शुरू हुई जो शहर के प्रमुख मार्गो से होती हुई हरियाली रिसोर्ट पहुंची। सैन समाज यूथ क्लब के कार्यकर्ताओं ने शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर शीतल पेय व आइसक्रीम से स्वागत किया। इससे पूर्व सुबह बहादुर सिंह सर्किल पर गौ शाला में गायों को चारा खिलाकर जयंती का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सैन यूथ क्लब से जुड़े समाज के पूर्व अध्यक्ष गणेश मारू, राजेंद्र कुमार सैन, महावीर मुनिया, प्रदीप, राजकुमार, कपिल, महावीर, नवीन, कुंज सैन, दीपक सैन, प्रमोद सैन, सचिन सेन सहित महिला कार्यकर्ता अंतिमा सैन, उमा, बबली साई, चंचल सैन आदि उपस्थित रहे।

# रावतभाटा नगर पालिका द्वारा अग्निशमन दिवस मनाया गया

**रावतभाटा, ( निसं )।** रावतभाटा नगर पालिका की अग्निशमन शाखा में मंगलवार को अग्निशमन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अग्निशमन सेवा से जुड़े सभी आपातकालीन वाहनों एवं उपकरणों की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अधिशासी अधिकारी मुकेश नागर ने 1944 में मुंबई बंदरगाह पर हुए भीषण अग्निकांड की जानकारी देते हुए बताया कि इसी घटना में 66 दमकल कर्मियों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। उन्हीं शहीदों की स्मृति में हर वर्ष 14 अप्रैल को अग्निशमन दिवस मनाया जाता है। इस दौरान अग्निकांड में शहीद हुए फायर फाइटर्स को पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

■ इस दौरान अग्निकांड में शहीद हुए फायर फाइटर्स को पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई

अधिकारियों ने बताया कि 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य आमजन को आग से बचाव, सुरक्षा और आपातकालीन स्थिति में सही प्रतिक्रिया के प्रति जागरूक करना है। अग्निशमन सप्ताह के तहत विद्यालयों, अस्पतालों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में मॉक ड्रिल और जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें आग के प्रकार, बचाव के उपाय और अग्निशमन उपकरणों के उपयोग की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में कार्यवाहक सहायक अग्निशमन अधिकारी राजेश जयपाल सहित मोहम्मद सलीम, कमलेश कुमार, साहिल खान, संदीप नायक, राहुल बिजोलिया, अमित भाटी, चुन्नी सिंह, विक्रम मेघवाल, हरीशंकर, हर्ष सफेला, राजेश मीणा, भूपेंद्र सिंह गौड़ एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कहा कि अग्निशमन कर्मी अपनी जान की परवाह किए बिना लोगों की सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं, इसलिए उनके योगदान का सम्मान करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

## श्रीमद् भागवत महोत्सव के पोस्टर का विमोचन

**कोटा, ( निसं )।** लोकसभा अध्यक्ष ओम कृष्ण बिरला ने भगवान नर्मदेश्वर स्थापना, पंच कुंडीय महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के भव्य पोस्टर का विधिवत विमोचन किया। इस दौरान उन्हें आयोजन में शामिल होने हेतु ससम्मान आमंत्रण भी प्रदान किया गया। श्री मंगलमय चमत्कारी धाम के महंत पंडित अशोक तिवारी ने बताया कि यह आयोजन शहर का एक भव्य धार्मिक महोत्सव होगा, जिसमें हजारों श्रद्धालु भाग लेंगे। 6 से 15 मई तक होंगे विभिन्न धार्मिक आयोजन, कथा भी होगी आयोजित महंत तिवारी ने जानकारी दी कि कार्यक्रम 6 मई से 15 मई तक आयोजित होंगे।

# 'जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय कोटा समाज में शिक्षा के प्रति समर्पण का प्रतीक'

**कोटा, ( निसं )।** श्री मीना समाज विकास समिति कोटा द्वारा संचालित श्री मीना सामुदायिक भवन एवं अतिथिगृह, श्रीनाथपुरम, कोटा के द्वितीय एवं तृतीत तल का लोकार्पण मुख्य अतिथि पूर्व नगरीय विकास एवं स्वायत शासन मंत्री एवं विधायक शान्ति धारीवाल द्वारा किया गया। उन्होंने लोकार्पण के अवसर पर मीना समाज द्वारा निर्मित जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय रानपुर, कोटा को मीना समाज में शिक्षा के प्रति समर्पण का प्रतीक बताया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए शांति धारीवाल ने कहा कि मेरा मीना समाज से जुड़ाव मेरे जन्म से पूर्व से ही है। उन्होंने अपने जन्म से पूर्व के ड्राइवर जगन्नाथ मीना ग्राम ढोटी का जिक्र करते हुए कहा कि मेरे पिताजी ने जगन्नाथ को ड्राइवर के रूप में काम पर रखा था उसी ने हम छह भाइयों को अपनी गोद में खिलाया था। मेरे पिताजी द्वारा ही उसकी शादी करने के पश्चात् उसे जन्म से लेकर मरण तक हमारे परिवार के साथ ही रखा था। मैं मीना समाज के लोगों में ईमानदारी, वफादारी, विश्वसनीयता और कर्त्तव्यनिष्ठता हमेशा से ही देखता हुआ आया हूं।

धारीवाल ने हाड़ौती आदिवासी मीना सामाजिक सुधार संघ कोटा में संभागीय अध्यक्ष पद पर रहते हुए रामस्वरूप मीना द्वारा समाज के उत्थान हेतु सराहनीय कार्य करने बाबत उनका माला पहना कर सम्मान किया। इस अवसर पर श्री मीना सामाजिक एवं शैक्षणिक समिति कोटा द्वारा निर्मित जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय में आर्थिक सहयोग करने वाले लगभग 100 से ज्यादा भामाशाहों का प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष आर डी मीना, राम चरण मीना और भरत मारन पूर्व जिला प्रमुख बाराँ, कमला मीना पूर्व जिला प्रमुख, कोटा एवं नवनियुक्त प्रदेश कांग्रेस के बाराँ के जिला अध्यक्ष हंसराज मीना सहित समिति के अन्य पदाधिकारी, सदस्य के अलावा समाज के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# जीव दया ही असली पूजा है : ईश्वर लाल

**कोटा, ( निसं )।** वरिष्ठजन समूह गौसेवा संवर्धन समिति द्वारा वर्ष 2025-26 का वार्षिक कार्यक्रम, वार्षिक उत्सव एवं आय-व्यय लेखा-जोखा प्रस्तुति समारोह रविवार, 12 अप्रैल को बंधा धर्मपुरा स्थित नगर निगम एवं गायत्री परिवार गौशाला में श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में समिति के सभी सदस्य अपने परिवार सहित उपस्थित रहे। इस अवसर पर समिति द्वारा गौसेवा के अंतर्गत नगर निगम गौशाला में 50 क्विंटल चारा भेंट किया गया तथा गायत्री गौशाला में गौमाता के लिए 20 क्विंटल चारा एवं 1 क्विंटल गुड़ व लापसी अर्पित की गई।

संयोजक ईश्वर लाल सैनी ने बताया कि समिति द्वारा गौसेवा के लिए चारे की व्यवस्था निरंतर बड़े स्तर पर की जाती है और यह समिति के प्रमुख सेवा कार्यों में से एक है। उन्होंने बताया कि प्रतिमाह लगभग 45,000 से 55,000 तक की राशि गौशाला एवं गौवंश के लिए चारा वितरण पर व्यय की जाती है। समिति के अध्यक्ष फूलचंद नागर ने बताया कि समिति द्वारा पिछले लगभग 5 वर्षों में शहर के विभिन्न स्थानों पर वाटर कूलर स्थापित किए गए हैं तथा उनके नियमित रखरखाव पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है, जिस पर प्रतिमाह लगभग 5,000 खर्च किए जाते हैं। इस कार्य में खजांची हेमंत शर्मा का विशेष योगदान रहता है। साथ ही सूर्यज मंजी अग्रवाल द्वारा वर्ष भर में लगभग 1,25,000 का आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। ऐसे अनेक भामाशाह भी समिति से जुड़े हैं, जो समय-समय पर सेवा कार्यों में सहयोग प्रदान करते रहते हैं। समिति द्वारा एक पेड़े मां के नाम अभियान के अंतर्गत इस वर्ष लगभग 250 विकसित पौधे (5 फीट से अधिक) लगाए गए, जिनकी नियमित देखरेख की जा रही है और सभी पौधे सफलतापूर्वक विकसित हो चुके हैं।

■ वरिष्ठजन समूह गौसेवा संवर्धन समिति का वर्ष 2025-26 का वार्षिक उत्सव एवं लेखा-जोखा कार्यक्रम सम्पन्न

समिति के सक्रिय कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन मेडिकल कॉलेज क्षेत्र, 52 जी के पास कालाबादल के सामने लगभग 50 किलो ज्वार-बाजरा पक्षियों के लिए डाला जाता है, जहाँ हजारों पक्षी प्रसाद ग्रहण करते हैं। संयोजक ईश्वर लाल सैनी ने बताया कि समिति द्वारा गौशाला, चारा, प्रसाद, पक्षी सेवा एवं अन्य व्यवस्थाओं पर प्रतिमाह लगभग 1,00,000 से 1,25,000 तक का व्यय किया जाता है, जिसमें लगभग 45,000 से 55,000 गौशाला एवं चारे पर तथा लगभग 20,000 पक्षियों के अन्न वितरण पर खर्च किए जाते हैं।

उन्होंने बताया कि इस स्तर पर निरंतर सेवा कार्य करने वाली समितियाँ बहुत कम हैं। समिति द्वारा प्रत्येक पूर्णिमा को परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए फल वितरण भी किया जाता है। कार्यक्रम को वार्षिक उत्सव के रूप में मनाते हुए सभी सदस्य परिवार सहित उपस्थित रहे। गौसेवा के पश्चात स्नेहभोज का आयोजन किया गया। इस स्नेहभोज की व्यवस्था सी.एल. खींची एवं हेमंत शर्मा (विवेकानंद नगर) द्वारा की गई, जिसकी सभी सदस्यों ने सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम समीम बानू से बदलकर नया नाम समीम बानू छीपा रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता समीम बानू छीपा पत्नी लाल मोहम्मद छीपा, दिल खुशाल बाग, अन्जुमन स्कूल के सामने बान्दी मोहल्ला शाहपुरा भीलवाड़ा

# बाल विवाह की सूचना पर प्रशासन की त्वरित कार्रवाई

**बूंदी( निसं )।** रायथल थाना क्षेत्र में 20 अप्रैल को दो नाबालिग बालिकाओं एवं एक नाबालिग बालक का विवाह प्रस्तावित होने की सूचना पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बाल विवाह रुकवाया। तहसीलदार नरोत्तम, थानाधिकारी हरलाल, चाइल्डलाइन टीम के रामनारायण, बुद्धि प्रकाश, मनजीत कौर, रवि कुमार, अर्चना की मुख्य भूमिका में साक्ष्य संकलित कर मौके पर पहुंचकर प्रभावी कार्रवाई की गई।

जांच में दोनों बालिकाओं की आयु क्रमशः 17 एवं 15 वर्ष तथा बालक की आयु 18 वर्ष पाई गई। साथ ही यह भी सामने आया कि एक बालिका कक्षा 10वीं में अध्ययनरत है तथा दूसरी बालिका कक्षा 12वीं में पढ़ रही है। बाल कल्याण समिति के आदेशानुसार दोनों बालिकाओं को सुरक्षित रूप से शेल्टर होम में आश्रय दिया गया है। जहां उन्हें मजिस्ट्रेट की निषेधाज्ञा जारी होने तक रखा जाएगा।

प्रशासन द्वारा संबंधित माता पिता एवं समाजजनों की काउंसलिंग कर बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि बाल विवाह से बच्चों

■ दो नाबालिग को शेल्टर होम भेजा गया

की शिक्षा बीच में रुक जाती है, जिससे उनका करियर और आत्मनिर्भर बनने का सपना प्रभावित होता है। कम उम्र में वैवाहिक जिम्मेदारियां आने से मानसिक दबाव बढ़ता है और विशेषकर बालिकाओं के लिए कम उम्र में गर्भधारण गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा कर सकता है।

विशेषज्ञों के अनुसार, किशोरावस्था में विवाह होने से बच्चों का शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास बाधित होता है। इससे उनके भविष्य में उच्च शिक्षा, रोजगार, आत्मनिर्भरता और बेहतर जीवन के अवसर सीमित हो जाते हैं। प्रशासन ने कहा कि बच्चों को शिक्षा, सुरक्षा और स्वस्थ बचपन देना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि बाल विवाह जैसी कुप्रथा की सूचना तत्काल 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन या नजदीकी पुलिस/प्रशासन को दें, ताकि समय रहते बच्चों का भविष्य सुरक्षित किया जा सके।

# रामगंजमंडी में भगवान आदिनाथ मंदिर प्रतिष्ठा की निकली शोभायात्रा

**रामगंजमंडी, ( निसं )।** शहर के बाजार नम्बर 3 में सफेद मार्बल से बना भव्य मंदिर एक तरफ पूरे क्षेत्र की जनता में आश्चर्य और चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं इसकी प्रतिष्ठा महोत्सव भी बहुत ही भव्यता और अनुशासन से मनाया जा रहा है। मंगलवार को प्रतिष्ठा महोत्सव की शोभा यात्रा सुबह 8 बजे मंदिर से शुरू हुई, शोभा यात्रा में हजारों पुरुष, महिलाएं और बच्चे शामिल हो गये। शोभा यात्रा में आगे ही आगे स्थानीय बैंड, उसके बाद उज्जैन का भस्म रमैया मंडल फिर पंजाब का शेरे पंजाब बैंड अपने-अपने करतब दिखाता हुआ चल रहा था। भीड़ गुरुदेव आचार्य मणीप्रभ सुरीश्वर के दर्शन वंदन करने को आतुर रही और हर समाज के लोगों ने आशीर्वाद लिया। मंदिर से शुरू हुई शोभायात्रा अंबेडकर सर्किल, बाजार नम्बर 7, स्टेशन चौराहे से बाजार नम्बर 1 से होती हुई मालगोदाम चौराहा, बाजार नम्बर 4 से होती हुई सरकारी कुआ पहुंची, वहां से बाजार



आचार्य मणिप्रभ सुरीश्वर, साध्वी मंडल और जगतगुरु शंकराचार्य चले पूरी शोभा यात्रा में पैदल।

नम्बर 2 होती हुई कार्यक्रम स्थल राजकमल आईल मील बाजार नम्बर 6 पहुंची। पूरी शोभा यात्रा में शेरे पंजाब बैंड भटिंडा और भस्म रमैया मंडल जनता के आकर्षण का केंद्र रहे। आचार्य श्रीमणीप्रभ सुरीश्वर महाराज और जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद पूरी शोभा यात्रा में पैदल चले। आचार्य श्रीमणीप्रभ सुरीश्वर की एक झलक पाने और उनके आशीर्वाद को पाने के लिये पूरी रामगंजमंडी और बाजारों के लोग उमड़े।

■ भीड़ गुरुदेव आचार्य मणीप्रभ सुरीश्वर के दर्शन वंदन करने को आतुर रही और हर समाज के लोगों ने आशीर्वाद लिया

श्री आदिनाथ जैन श्वेताम्बर श्रीसंघ अध्यक्ष राजकुमार पारख ने बताया कि धार्मिक आयोजनों के इस वरघोड़े (शोभायात्रा) को शहर के लोगों ने ऐतिहासिक एवं अनुशासन वाला बताया। प्रवचन स्थल पर भानपुरा पीठ के जगतगुरु शंकराचार्य ने कहा कि अपने कार्य की सफलता के लिये दुश्मन से भी दोस्ती करनी पड़े तो करना चाहिये। उन्होंने कहा कि अच्छे कार्य में कई बाधाएं विघ्न आते हैं, लेकिन बाधाओं से अच्छे कार्य बंद नहीं होने चाहिये। उन्होंने कहा परोपकार तो करना है पर इसमें हिंसा नहीं होना चाहिये।